# APPENDIX F

# KNOWLEDGE INVENTORY

बाल विकास विभाग
गृह - विज्ञान - महाविद्यालय
एम.एस.यूनिवर्सिटी
बड़ौदा

प्रिय छात्राओं/छात्रों,

मैं बाल विकास विभाग, गृह विज्ञान महाविद्यालय में पी.एच.डी. की एक छात्रा हूँ। मैं उदयपुर जिले के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र / छात्राओं की हमारे देश में वर्तमान जनसंख्या स्थिति के प्रति जागरूकता जानने में रूचि रखती हूँ।

आपके द्वारा दी गई सूचना मेरे इस अध्ययन के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है, और उसे पूर्णत: गोपनीय रखा जायेगा। आपसे प्रार्थना है कि निम्न - लिखित निर्देशों के आधार पर संलग्न प्रश्नावली को बहुत ही ध्यानपूर्वक भरें।

आपके सहयोग के लिये बहुत-बहुत धन्यवाद।

आपकी विनम्रा
च न्द्र क ला द वे

प्रश्नावली से सम्बन्धित आवश्यक निर्देश :-

(1) उत्तर देने से पूर्व सभी कथनों को ध्यान पूर्वक पढ़िये।

(2) प्रश्नावली के सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। किसी भी प्रश्न को खाली न छोड़ें।

(3) पूछे गये प्रश्नों के नीचे लिखे गये उत्तरों में से आपके अनुसार सबसे अधिक उपयुक्त उत्तर क्रमांक के आगे सही का निशान ( ) लगाइये।

(4) प्रत्येक प्रश्न में एक से अधिक उत्तर पर सही का निशान ( ) न लगाएँ।

## पृष्ठ भूमि सूचना प्रपत्र

1. नाम {पूरा} ------------------------------------------
2. स्कूल का नाम ------------------------------------------
3. आयु ------------
4. कक्षा --------------
5. विवाहित/अविवाहित ---------------
6. क्या आपका मासिक धर्म शुरू हो चुका है? हाँ।
7. यदि हाँ तो कब से?

   एक वर्ष से कम अवधि पूर्व शुरू हुआ है।
   एक से दो वर्ष के बीच की अवधि में शुरू हुआ है।
   दो से तीन वर्ष के बीच की अवधि में शुरू हुआ है।
   तीन वर्ष से अधिक अवधि में शुरू हुआ है।

8. परिवार का प्रकार --------------

   xएकाकी xxसंयुक्त xxxविस्तारित

9. परिवार के सदस्यों की कुल संख्या --------------
10. भाईयों की कुल संख्या --------------
11. बहनों की कुल संख्या ---------------
12. अपने भाई बहनों में आपका जन्म क्रम ----------
13. माता पिता की शिक्षा : पिता ------------ माता-----
14. माता पिता का व्यवसाय : पिता ------------ माता-----
15. परिवार की कुल मासिक आय ------------

---

x एकाकी परिवार :- ऐसा परिवार जिसमें पति-पत्नि व उनके अविवाहित बच्चे सम्मिलित हों।

xx संयुक्त परिवार :- ऐसा परिवार जिसमें पति-पत्नि व उनके विवाहित एवम् अविवाहित बच्चे एक ही मकान में रहते हों व एक ही रसोई में खाना बनाते हों।

xxx विस्तारित परिवार :- ऐसा परिवार जिसमें पति-पत्नि व उनके विवाहित एवम् अविवाहित बच्चे एक ही मकान में रहते हों, उनकी रसोई अलग-अलग हो।

जनसंख्या ज्ञान प्रश्नावली

भाग I जनांकिकी ( Demography )

§1§ क्या आप सोचती हैं/सोचते हैं कि भारत की जनसंख्या :-

अ. बढ़ रही है। आ. घट रही है।
इ. स्थिर है। ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. कोई अन्य उत्तर हो तो लिखें।

§2§ क्या आप सोचती हैं/सोचते हैं कि भारत की जनसंख्या दर :-

अ. बहुत तेजी से बढ़ रही है। आ. बहुत तेजी से घट रही है।
इ. स्थिर है। ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. कोई अन्य उत्तर हो तो लिखें।

§3§ जनसंख्या घनता से तात्पर्य है :. प्रति इकाई क्षेत्र में :-

अ. व्यक्तियों की संख्या आ. बालकों की संख्या
इ. वयस्कों की संख्या ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. कोई अन्य उत्तर हो तो लिखें।

§4§ निम्नलिखित देशों में से सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश कौन सा है?

अ. चीन आ. भारत
इ. संयुक्त राज्य अमेरिका ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. कोई अन्य उत्तर हो तो लिखें।

§5§ निम्नलिखित देशों में से जनसंख्या की दृष्टि से कौन सा देश द्वितीय स्थान पर है?

अ. चीन आ. भारत
इ. संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§6§ भारत की वर्तमान जनसंख्या क्या है?

अ. लगभग साठ करोड़ आ. लगभग पचपन करोड़
इ. लगभग बासठ करोड़ ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§7§ भारत के कौन से राज्य की जनसंख्या सबसे अधिक है?

अ. उत्तर प्रदेश आ. केरल
इ. राजस्थान ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(8) राजस्थान की जनसंख्या क्या है?

अ. लगभग तीन करोड़ | आ. लगभग ढ़ाई करोड़
इ. लगभग दो करोड़ | ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(9) राजस्थान की सबसे अधिक घनी जनसंख्या वाला जिला कौन सा है?

अ. उदयपुर | आ. भरतपुर
इ. कोटा | ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(10) राजस्थान की सबसे कमघनी (छितरी) जनसंख्या वाला जिला कौन सा है?

अ. बूँदी | आ. बाड़मेर
इ. जैसलमेर | ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(11) उदयपुर जिले की वर्तमान जनसंख्या क्या है?

अ. अठारह लाख | आ. दस लाख
इ. पच्चीस लाख | ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

## भाग II

### जनसंख्या वृद्धि के कारण एवम् परिणाम
### (Consequences & Determinents of population Growth)

(1) भारत की वर्तमान जनसंख्या की विशेषता है :-

अ. अधिक जन्म दर एवम् अधिक-मृत्यु दर। | आ. अधिक जन्मदर व कममृत्यु दर।
इ. कम जन्मदर व अधिक मृत्युदर। | ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(2) जन्म से चौदह वर्ष तक के बालकों की तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या के फलस्वरूप:-

अ. प्रतिव्यक्ति आय बढ़ती है। | आ. लोगों का जीवन स्तर घटता है।
इ. लोगों का जीवन स्तर बढ़ता है। | ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§3§ आजकल भारत की सर्वाधिक महत्वपूर्ण समस्या कौन सी है?

अ. खाद्य पदार्थों की कमी। आ. तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या।
इ. बेरोजगारी। ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§4§ तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या को आपके अनुसार किस प्रकार रोका जा सकता है?

अ. युवक-युवतियों में छोटे परिवार के प्रति अनुकूल अभिवृत्ति विकसित करके।
आ. लोगों को अविवाहित रहने के लिए प्रोत्साहित करके।
इ. अनिवार्य नसबन्दी करके। ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§5§ क्या आप सोचते हैं कि भारत में खाद्यान्न की कमी का कारण जनसंख्या का:-

अ. तेजी से बढ़ना है। आ. धीमी गति से बढ़ना है।
इ. बिल्कुल नहीं बढ़ना है। ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§6§ शिक्षा के क्षेत्र में समस्यायें बढ़ गई हैं क्योंकि:

अ. शाला प्रवेश की कठिनाई जनसंख्या वृद्धि से प्रभावित है।
आ. मुफ्त शिक्षा दी जाती है। इ. प्रशिक्षित अध्यापकों का अभाव है।
ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ। उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§7§ क्या आप सोचते हैं कि देश में मकान समस्या का कारण:

अ. मकानों की संख्या कम होना है। आ. बहुमन्जिली मकानों की संख्या कम होना है।
इ. जनसंख्या में वृद्धि होना है। ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§8§ भारत में जीवन स्तर निम्न कोटि का माना जाता है क्योंकि:

अ. लोगों के परिवार बड़े हैं।
आ. धनी लोग गरीबों को अपनी स्थिति सुधारने का अवसर नहीं देते हैं।
इ. विदेशी सहायता की कमी है। ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§9§ जनसंख्या वृद्धि के कारण पर्यावरण प्रदूषण :

अ. बढ़ता है। आ. घटता है।
इ. प्रभावित नहीं होता है। ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(10) धार्मिक दृष्टि से परिवार में पुत्र जन्म सम्बंधित मान्यता का:

अ. परिवार के आकार पर कोई प्रभाव नहीं होता है।
आ. परिवार केआकार पर नकारात्मक प्रभाव होता है।
इ. परिवार केआकार पर सकारात्मक प्रभाव होता है।
ई. मैं नहीं जानती हूँ/ जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(11) परिवार का आकार (चाँहे छोटा हो या बड़ा) का :

अ. राष्ट्र की जनसंख्या पर प्रभाव नहीं होता है।
आ. राष्ट्र की जनसंख्या पर कम प्रभाव होता है।
इ. राष्ट्र की जनसंख्या पर बहुत अधिक प्रभाव होता है।
ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(12) परिवार में बच्चों की अधिक संख्या होने से :

अ. सम्पत्ति का उपविभाजन होता है।
आ. वृद्धावस्था में सुरक्षा प्राप्त होती है।
इ. पारिवारिक आय में वृद्धि होती है।
ई. मैं नहीं जानती हूँ/ जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

## भाग III

## मानव प्रजनन् ( Human Reproduction)

(1) पुरुषों में लिंग कोशिका (शुक्राणु) :

अ. प्रति मास अधिक संख्या में उत्पन्न होते हैं।
आ. प्रति मास कम संख्या में उत्पन्न होते हैं।
इ. प्रति मास केवल एक ही उत्पन्न होता है।
ई. मैं नहीं जानती हूँ/ जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(2) स्त्रियों में लिंग कोशिका (डिम्ब):

अ. प्रति मास अधिक संख्या में उत्पन्न होते हैं।
आ. प्रति मास कम संख्या में उत्पन्न होते हैं।
इ. प्रति मास केवल एक ही उत्पन्न होता है।
ई. मैं नहीं जानती हूँ/ जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§3§ मासिक धर्म -

अ. सभी स्त्रियों में एक स्वाभाविक क्रिया है।

आ. केवल कुछ ही स्त्रियों में होने वाली अस्वाभाविक क्रिया है।

इ. वह क्रिया है जो कि स्त्री के जनन अंगों में किसी बीमारी या विकार के कारण होती है।

ई. मैं नहीं जानती हूँ। जानता हूँ।

उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§4§ मासिक स्त्राव -

अ. रक्त एंव वर्ज गर्भ के उतक §जो कि गर्भ धारण करने के लिये तैयार हो चुके थे लेकिन काम नहीं लिये गये §का बना होता है।

आ. रक्त जो कि योनि में किसी बीमारी या विकार के कारण स्त्रावित होता है, का बना होता है।

इ. रक्त जो कि गर्भाशय के किसी बीमारी या विकार के कारणस्त्रावित होता है, का बना होता है।

ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।

उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§5§ स्त्रियोंमें प्रजनन काल या शिशु धारण काल:

अ. पूरी उम्र भर होता है।

आ. मासिक धर्म §रजोधर्म§ से रजोनिवृति §पन्द्रह से उनपच्यास साल तक§ के बीच का काल होता है।

इ. केवल उसका वैवाहिक जीवन होता है।

ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।

उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§6§ स्त्री गर्भ धारण तभी करती है जब-

अ. शुक्राणु व डिम्ब दोनों में संयोग होता है।

आ. जब देवता प्रसन्न होते हैं।

इ. जब बड़े बूढ़े, पति पत्नी को आशीर्वाद देते हैं।

ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।

उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§7§ आपके अनुसार गर्भ धारण का निश्चय कौन करता है-

अ. पति-पत्नी आ. ईश्वर

इ. डाक्टर ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।

उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(8) बार-बार गर्भधारण करने से-

अ. माता व शिशु का स्वास्थ्य अच्छा रहता है।
आ. माता व शिशु का स्वास्थ्य गिर जाता है।
इ. माता व शिशु के स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(9) अधिक बार गर्भ धारण करने से गर्भकाल में होने वाली कठिनाईयाँ-

अ. बढ़ती है।
आ. घटती है।
इ. बढ़ने और घटने से कोई सम्बन्ध नहीं रखती है।
ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(10) अधिक बार गर्भ धारण करने से माता व शिशु में पोषण हीनता की सम्भावनाएँ-

अ. बढ़ती है।
आ. घटती है।
इ. बढ़ने घटने से कोई सम्बन्ध नहीं रखती है।
ई. मैं नहीं जानती हूँ/ जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

## भाग IV
## परिवार नियोजन (Family Planning)

(1) परिवार नियोजन का अर्थ है-

अ. बच्चों का न होना।
आ. पुरूषों या स्त्रियों को बच्चे पैदा करने से असमर्थ बनाना।
इ. इच्छानुसार बच्चों को जन्म देना न कि संयोग से।
ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ। उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

(2) परिवार का आकार निर्धारित किया जाना चाहिये-

अ. पति-पत्नी द्वारा आ. सरकार द्वारा
इ. परिवार के वयस्कसदस्यों द्वारा। ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।
उ. अन्य कोई उत्तर हो लिखें।

§3§ गर्भ निरोधक से तात्पर्य है -

अ. नसबन्दी के साधन।

आ. ऐसे साधन जिनके द्वारा पति-पत्नी अवांछित बच्चों के पैदा होने को रोक सकें और वांछित समय पर निर्धारित संख्या में बच्चों को जन्म दे सकें।

इ. ऐसे अभिकरण जो कि लोगों को छोटे परिवार के लिए प्रेरित करते हैं।

ई. मैं नहीं जानती हूँ/ जानता हूँ।

उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§4§ गर्भ निरोधक बनाये गये हैं -

अ. केवल पुरूषों के उपयोग के लिए।

आ. केवल स्त्रियों के उपयोग के लिए।

इ. स्त्रियों और पुरूषों दोनों के उपयोग के लिए।

ई. मैं नहीं जानती हूँ/जानता हूँ।

उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§5§ परिवार नियोजन के साधन -

अ. केवल स्थाई हैं।

आ. केवल अस्थाई है।

इ. स्थाई व अस्थाई दोनों प्रकार के हैं।

ई. मैं नहीं जानती हूँ/ जानता हूँ।

उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§6§ परिवार नियोजन के साधनों को अपनाना चाहिये -

अ. अमीर लोगों को।

आ. गरीब लोगों को।

इ. अमीर एवं गरीब दोनों को।

ई. मैं नहीं जानती हूँ/ जानता हूँ।

उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।

§7§ परिवार नियोजन कार्यक्रम -

अ. लोगों में छोटे परिवार के प्रति जागरूकता का विकास करने के लिए था।

आ. पति-पत्नी को अनिवार्य नसबंदी के लिए बाध्य करने के लिए था।

इ. राष्ट्र का धन एवम् समय दोनों को क्षति पहुँचाने के लिए था।

ई. मैं नहीं जानती हूँ/ जानता हूँ।

उ. अन्य कोई उत्तर हो तो लिखें।